# Pronunciation (प्रननसिएशन) – उच्चारण

**सही उच्चारण के बिना किसी भी भाषा का महत्व कम हो जाता है। आप भले ही कितनी भी अच्छी इंगलिश लिखना व बोलना सीख लें लेकिन सही उच्चारण के बिना आप हँसी का पात्र बन सकते हैं। इस चैप्टर के माध्यम से आप अंग्रेज़ी शब्दों के उच्चारण की बारीकियों को समझ पायेंगे। हर चैप्टर में अंग्रेज़ी वाक्यों के साथ उच्चारण भी दिया गया है और इस बात का भी बेहद ध्यान रखा गया है कि उच्चारण बिल्कुल गलत न लिखा हो क्योंकि हम पर आपका और आप जैसे करोड़ो विधार्थियों का जो विश्वास है, वही हमारी सफलता है।**
**There is no significance of a language without proper pronunciation. Irrespective of how good you are in Grammar or even how fluently you speak, incorrect pronunciation of words can make people laugh at you. This lesson will help you improve your pronunciation.**

ज़रुरी है कि हम जब भी किसी शब्द को बोलें तो उसे सही तरीके से बोलें। गलत तरीके से बोलने पर उसका अर्थ बदल जाता है। Always pronounce a word properly or else the meaning of the word can change.

एक शब्द है – Cheek, जिसका मतलब है "गाल"। इसे बोलेंगे – "चीक" पर अगर आपने बोला "चिक" तो चिक(chick) मतलब "मुर्गी का बच्चा"। छोटी इ या बड़ी ई से ही काफी फर्क पड़ जाता है। ठीक इसी तरह एक शब्द है – Sleep, जिसका मतलब है "सोना"। इसे बोलेंगे – स्लीप । पर अगर आपने बोला स्लिप तो स्लिप (slip) मतलब फिसलना। चैप्टर की ऑडियो आपको दी गयी है। उसे सुनकर आप इस चैप्टर को और बेहतर समझ पायेंगे।

एक बात और, पहले तो ये जानिए कि "Pronunciation" का सही उच्चारण "प्रननसिएशन" है, न कि "प्रनाउनसिएशन"। लोग अक्सर गलती करते हैं। हाँ ये बात सही है कि "Pronounce" का सही उच्चारण "प्रनाउन्स" है, "प्रनन्स" नहीं।

कोई भी परफ़ैक्ट होने का दावा नहीं कर सकता पर हम परफ़ैक्शन के बहुत करीब तो जा सकते हैं न। तो आइए प्रयास करें।

सबसे पहले जानिए अंग्रेज़ी व हिन्दी के स्वर व व्यंजन के बारे में।
First of all, Let's have a look at vowels and consonants of English & Hindi language.

**अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 वर्ण होते हैं –**
**There are 26 letters in English Alphabet -**

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M | N | O |
| ए | बी | सी | डी | ई | ऐफ | जी | एच | आइ | जे | के | ऐल | ऐम | ऐन | ओ |
| P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z | | | | |
| पी | क्यू | आर | एस | टी | यू | वी | डब्ल्यू | ऐक्स | वाय | ज़ैड | | | | |

अंग्रेजी वर्णमाला के इन 26 वर्णों को दो प्रकारों में बाँटा गया है – स्वर (vowel) व व्यंजन (consonant)

**Vowels (स्वर)** : There are 5 vowels. (5 स्वर होते हैं) – a, e, i, o, u

**Consonants (व्यंजन)** : Rest 21 are consonants. (बाकी बचे 21 व्यंजन कहलाते हैं)
b, c, d, f, g, h, j, k, l, m, n, p, q, r, s, t, v, w, x, y, z.

हिन्दी वर्णमाला में कुल 46 वर्ण होते हैं –

**There are 46 letters in Hindi Alphabet –**

**स्वर (Vowels)**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| a | aa | e/i | ee | u/o | oo/u | e/ai | ai | o | au/ou | ang | ah |

**व्यंजन (Consonants)**

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | च | छ | ज | झ | ञ | ट | ठ | ड | ढ | ण |
| ka | kh | ga | gha | nga | cha | chha | ja | jha | yan | ta | tha | da | dha | ana |
| त | थ | द | ध | न | प | फ | ब | भ | म | य | र | ल | व | श |
| th/t | th/tha | da/th | dha | na | pa | pha/fa | ba | bha | ma | ya | ra | la | va/wa | sh |
| ष | स | ह | क्ष | त्र | ज्ञ | | | | | | | | | |
| sh | sa | ha | ksh | tra | gya | | | | | | | | | |

प्रायः किसी भी शब्द का उच्चारण उस शब्द में आने वाले स्वर से निर्धारित होता है। हालाँकि अपवाद हर जगह हैं लेकिन जब आप किसी भाषा को सीखने की प्रक्रिया में आगे बढ़ते जाते हैं तो खुद ब खुद आप इन अपवादों को जानने लगते हैं। स्वरों का रोल अहम होने की वजह से हम शुरुआत स्वरों के उच्चारण से करते हैं उसके बाद कुछ ऐसे व्यजंनों के उच्चारण को समझेंगे जिनके बिना अंग्रेज़ी भाषा को सही तरीके से बोलना नामुमकिन है।

Often, pronunciation of a word depends on the sound of the vowel in the word itself. Exceptions are certainly there, but when you keep learning a language, you come to know such exceptions yourselves. Since the vowels are the base of pronunciation, we start with vowels first; however, we'll cover those consonants too, without knowing their pronunciation, it is next to impossible to pronounce correctly.

## स्वरों का उच्चारण (Pronunciation of vowels)

इंग्लिश के पाँच स्वर – a, e, i, o, u

### A का उच्चारण

सबसे पहले ये जानिये कि जब भी 'a' किसी वाक्य में अकेले आता है, तो उसे 'ए' नहीं बल्कि हमेशा 'अ' कहते हैं।

**A** man is standing there.    **अ** मैन इज़ स्टैन्डिंग देअर।

He is **a** good boy.    ही इज़ **अ** गुड बॉय।

**A, AI, AY – 'ए' ( ` )**

Name (नेम) – नाम    Fame (फ़ेम) – प्रसिद्धि    Game (गेम) – खेल    Rate (रेट) – मूल्य

Shame (शेम) – शर्म    Ape (एप) – लंगूर    Shape (शेप) – आकार    Same (सेम) – समान

Pain (पेन) – दर्द    Rain (रेन) – बारिश    Day (डे) – दिन    Say (से) – कहना

**A – 'ऐ' ( ै )**

Ash (ऐस) – राख    At (ऐट) – पर, में    An (ऐन) – एक    Anchor (ऐंकर) – ऐंकर

Gas (गैस) – गैस    Map (मैप) – मैप    Man (मैन) – आदमी    Cat (कैट) – बिल्ली

**A – 'एअ' ( `अ )**

Rare (रेअर) – दुर्लभ    Dare (डेअर) – हिम्मत करना    Share (शेअर) – मिलकर करना

**A – 'अ' ( ा )**

Alert (अलर्ट) – सचेत    Agree (अग्री) – सहमत होना    Ajar (अजार) – अधखुला

**A – 'आ' ( ा )**

Are (आर) – एक सहायक क्रिया | After (आफ़्टर) – बाद में | Far (फ़ार) – दूर

**A, AW – 'ऑ' ( ॅ )**

Tall (टॉल) – लम्बा | Hall (हॉल) – बड़ा कमरा | Call (कॉल) – फ़ोन करना, पुकारना
Awesome (ऑसम) – बहुत बढ़िया | Aweful (ऑफ़ल) – बहुत बेकार | Awkward (ऑकवर्ड) – अटपटा

## E का उच्चारण

**E, EE, EA – ' ई ' ( ी ) बड़ी ई**

| | | |
|---|---|---|
| Me (मी) – मुझे | He (ही) – वह | Be (बी) – होना |
| Week (वीक) – सप्ताह | Teen (टीन) – किशोर | Keep (कीप) – रखना |
| Weak (वीक) – कमज़ोर | Heap (हीप) – ढेर | Sea (सी) – सागर |

**E – 'ऐ' ( ै )**

Hen (हैन) – मुर्गी | Pen (पैन) – प्रसिद्धि | Enter (ऐन्टर) – प्रवेश करना

**E – ' इ ' ( ि ) छोटी इ**

Example (इग्ज़ैम्पल) – उदाहरण | Eleven(इलैवन) – ग्यारह | Engagement (इंगेजमेंट) – सगाई

## I का उच्चारण

**I – ' इ ' ( ि ) छोटी इ**

| | | |
|---|---|---|
| It (इट ) – यह | Is (इज़) – सहायक क्रिया | Injury (इन्जरी) – चोट |
| Sin (सिन) – पाप | Hindustan (हिन्दुस्तान) – हिन्दुस्तान, भारत | Hill (हिल) – पहाड़ |

**I – ' आय '**

| | | |
|---|---|---|
| Hi (हाय) – हैलो, अभिवादन करना | Hire (हायर) – किराये पर लेना | Retire(रिटायर) –रिटायर होना |
| Expire (एक्सपायर) – समय सीमा खत्म | Attire (अटायर) – पोशाक | Dire (डायर) – भयानक |

**I – ' आइ '**

| | | | |
|---|---|---|---|
| File (फ़ाइल) – फ़ाइल | Nile (नाइल) – नील नदी | Grind (ग्राइन्ड) – पीसना | Hide (हाइड) – छिपाना |
| Pile (पाइल) – ढेर | Chile(चाइल) – चिली (एक देश) | Strike (स्ट्राइक) – हड़ताल | Kite (काइट) – पतंग |

**I – ' अ '**

| | | |
|---|---|---|
| Flirt (फ्लर्ट) – फ्लर्ट करना | First (फर्स्ट) – प्रथम, पहला | Third (थर्ड) – तृतीय, तीसरा |
| Dirt (डर्ट) – गंदगी | Shirt (शर्ट) – कमीज़ | Shirk (शर्क) – भागना (ज़िम्मेदारी से) |

**IE – ' ई ' ( ी ) बड़ी ई**

Niece (नीस) – भतीजी | Piece (पीस) – टुकड़ा | Believe (बिलीव) – मानना, विश्वास करना

**IO – ' आय '**

Lion (लायन) – शेर | Riot (रायट) – दंगा | Ion (आयन) – अणु (भौतिकी (physics) में)

## O का उच्चारण

**O, OW – ' ओ ' ( ो )**

| | | |
|---|---|---|
| Om (ओम) – ऊँ | Old (ओल्ड) – बूढ़ा | Only (ओन्ली) – केवल, इकलौता |
| More (मोर) – ज़्यादा | Bold (बोल्ड) – साहसी, साहसिक | Rope (रोप) – रस्सी |
| Bow (बो) – धनुष | Snow (स्नो) – हिमपात, बर्फ | Eyebrow (आइब्रो) – भौहें |

Yellow (यलो) – पीला रंग    Slow (स्लो) – धीमा    Pillow (पिलो) – तकिया

**OO – ‘ उ ’ ( ु ) छोटी उ**

Cook (कुक) – रसोइया    Look (लुक) – देखना    Good (गुड) – अच्छा    To (टु) – को

**OO – ‘ ऊ ’ ( ू ) बड़ी ऊ**

Too (टू) – भी    Shoot (शूट) – गोली मारना    Groom (ग्रूम) – दूल्हा    Loot (लूट) – लूटना

**O – ‘ अ ’**

Done (डन) – हो गया    Oppose (अपोज़) – विरोध करना    Occur (अकर) – घटित होना    Son (सन) – बेटा

**O – ‘ ऑ ’**

Opt (ऑप्ट) – चुनना    On (ऑन) – के ऊपर, पर    Stop (स्टॉप) – रुको, रुकना    Lot (लॉट) – बहुत
Chop (चॉप) – काटना    Hop (हॉप) – कूदना    Shop (शॉप) – दुकान    Rob (रॉब) – लूटना

**OW – ‘ आव ’**

Cow (काव) – गाय    Shower (शावर) – नहाना के लिए    Tower (टावर) – मीनार    How (हाव) – कैसा

**OU – ‘ आउ ’**

Doubt (डाउट) – संदेह    Shout (शाउट) – चिल्लाना    About (अबाउट) – बारे में    Rout(राउट)– भगदड़

**OI – ‘ ऑइ ’**

Join (जॉइन) – शामिल होना    Coin (कॉइन) – सिक्का

**OY – ‘ ऑय ’**

Enjoy (ऐनजॉय) – मजे करना    Boy (बॉय) – लड़का    Royal (रॉयल) – राजसी    Loyal(लॉयल)– वफ़ादार

## U का उच्चारण

**U – ‘ उ ’( ु ) छोटी उ**

Bull (बुल) – बैल    Full (फुल) – भरा हुआ    Raipur (रायपुर) – जगह का नाम

**U – ‘ अ ’**

Shut (शट) – बन्द    Run (रन) – दौड़ना    Bulb (बल्ब) – बल्ब    Under (अन्डर) – के नीचे
Utter (अटर) – कहना    Urgent (अर्जेन्ट) – ज़रुरी    Cut (कट) – काटना    But (बट)– लेकिन

**U – ‘ यू ’**

Use (यूज़) – प्रयोग करना    Salute (सल्यूट) – सलाम    Tube (ट्यूब)– ट्यूब    Uniform(यूनीफ़ार्म) – वर्दी

**U – ‘ यो ’**

Cure (क्योर) – इलाज    Tenure (टैन्योर) – कार्यकाल    Sure (श्योर)– पक्का    Allure (अल्योर) – फुसलाना